भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2128

20 दिसम्बर, 2022 को उत्तर के लिए नियत

"नई इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण इकाइयों की स्थापना"

2128. श्रीमती चिंता अनुराधा:

श्री मद्दीला गुरूमूर्ति:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश में विगत दो वर्षों के दौरान राष्ट्रीय ई-मोबिलिटी कार्यक्रम के अंतर्गत नई इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की निर्माण इकाइयां स्थापित की हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार अन्य राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में ऐसी और इकाइयां स्थापित कर रही है;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस कार्यक्रम के अंतर्गत देश भर में कुल कितनी हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण इकाइयां स्थापित की गई हैं?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) और (ख): जी नहीं, राष्ट्रीय ई-मोबिलिटी कार्यक्रम के तहत आंध्र प्रदेश सहित राज्यों में इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने का सरकार का प्रस्ताव नहीं है। साथ ही, इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण और बैटरी विनिर्माण को बढ़ावा देने के प्रयोजन से भारी उद्योग मंत्रालय इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण कंपनियों सहित ऑटोमोबिल और ऑटो घटक कंपनियों को

सहायता प्रदान करने के लिए निम्नलिखित दो उत्पादन-सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीमें कार्यान्वित कर रहा है:

(क) :12 मई, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 18,100 करोड़ रुपये के परिव्यय से कुल 30 गीगा वाट घंटे की विनिर्माण क्षमता के साथ भारत में उन्नत रसायन सेल (एसीसी), बैटरी भंडारण विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना के लिए उत्पादन-सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम को मंजूरी दी है।

(ख) : सरकार ने उन्नत ऑटोमोटिव उत्पादों के लिए भारत की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयोजन से भारत में ऑटोमोबिल और ऑटो घटक उद्योग के लिए उत्पादन-सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम को पांच वर्ष की अवधि के लिए 25,938 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय के साथ मंजूरी दी है।

(ग) से (ङ): महोदय, 15.12.2022 की स्थिति के अनुसार, फेम इंडिया स्कीम के तहत मांग प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-दुपहिया,ई-तिपहिया,ई-चौपहिया) का उत्पादन करने वाले इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं का विवरण **संलग्नक** में है।

***

<u>संलग्नक</u>

<u>नई ईवी विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के संबंध में 20/12/2022 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2128 के उत्तर के भाग (ग) में उल्लिखित संलग्नक</u>

15.12.2022 की स्थिति के अनुसार फेम इंडिया स्कीम के चरण-II के तहत पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-दुपहिया, ई-तिपहिया और ई-चौपहिया) के विनिर्माताओं का विवरण

श्रेणी		**विनिर्माता का नाम**
ई-दुपहिया	1	एम्पीयर व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड
	2	एथर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
	3	बेनलिंग इंडिया एनर्जी एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
	4	हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड
	5	जीतेंद्र ईवी टेक प्राइवेट लिमिटेड
	6	ली-आयन्स इलेक्ट्रिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
	7	ओकिनावा ऑटो टेक प्राइवेट लिमिटेड
	8	रिवॉल्ट इंटेलीकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड
	9	टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड
	10	टुनवाल ई-मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
	11	बजाज ऑटो लिमिटेड
	12	बूमा इनोवेटिव ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड
	13	कबीरा मोबिलिटी एलएलपी
	14	लेक्ट्रिक्स ईवी प्राइवेट लिमिटेड
	15	माइक्रोकॉन I2i प्राइवेट लिमिटेड
	16	ओकाया ईवी प्राइवेट लिमिटेड
	17	ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
	18	ट्वेंटी टू मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
	19	मारुतिसन प्राइवेट लिमिटेड
	20	बगॉस ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
	21	काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड*
	22	हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड
	23	चेतक टेक्नोलॉजी लिमिटेड
	24	टॉर्क मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
	25	एमो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
ई-तिपहिया	1	चैंपियन पॉलीप्लास्ट
	2	काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशन लिमिटेड
	3	महिंद्रा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड
	4	विक्ट्री इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड

	5	वाईसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड
	6	बेस्ट वे एजेंसीज प्राइवेट लिमिटेड
	7	एनर्जी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स
	8	ठुकराल इलेक्ट्रिक बाइक्स प्राइवेट लिमिटेड
	9	सायरा इलेक्ट्रिक ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
	10	खालसा एजेंसी
	11	गोयनका इलेक्ट्रिक मोटर व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड
	12	अतुल ऑटो लिमिटेड
	13	दिल्ली इलेक्ट्रिक ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
	14	यूपी टेलीलिंक्स लिमिटेड
	15	पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड
	16	लोहिया ऑटो इंडस्ट्रीज
	17	एवन साइकिल्स लिमिटेड
	18	ऑल्टीग्रीन प्रोपल्शन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड
	19	कीटो मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
	20	ओमेगा सीकी प्राइवेट लिमिटेड
	21	स्पीगो व्हीकल्स कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
	22	एट्रियो ऑटोमोबिल्स प्राइवेट लिमिटेड
	23	जीआरडी मोटर्स
	24	ओम बालाजी ऑटोमोबिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
	25	एमएलआर ऑटो लिमिटेड
	26	बालन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड
	27	कॉन्टिनेंटल इंजन्स प्राइवेट लिमिटेड
	28	यूलर मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
	29	जे.एस. ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
	30	शिगन ईवोल्ट्ज़ लिमिटेड
	31	एसकेएस ट्रेड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
	32	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड
	33	जीतेंद्र न्यू ईवी टेक प्राइवेट लिमिटेड*
	34	ईफेव चार्जिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
	35	ग्रीन इवॉल्व प्राइवेट लिमिटेड
	36	स्मार्टोमैटिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड
	37	महिंद्रा एंड महिंद्रा
	38	टीआई क्लीन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड
	39	फिटवेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड
ई-चौपहिया	1	महिंद्रा एंड महिंद्रा
	2	टाटा मोटर्स

***